

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के आरंभिक प्रशिक्षण के लिए पाठ्यचर्या

राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के आरंभिक प्रशिक्षण के लिए पाठ्यचर्या

राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान
5, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, हौज खास, नई दिल्ली-110016

वर्ष 2007 में प्रकाशित
मुद्रित प्रतियों की संख्याः 500

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली-110001
की ओर से
**प्रशिक्षण प्रभाग**
राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान
द्वारा तैयार की गई

चंदू प्रैस, डी–97, शकरपुर, नई दिल्ली – 110092 द्वारा मुद्रित


# विषय-वस्तु


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | भूमिका | 1 |
| 2. | आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु आरंभिक प्रशिक्षण के घटक | 6 |
| 3. | आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु आरंभिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की विषय वस्तु | 7 |
| 4. | आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु आरंभिक प्रशिक्षण के लिए कार्यक्रम अनुसूची | 13 |
| 5. | आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु आरंभिक प्रशिक्षण की विषय वस्तु | 18 |
| 6. | बजट | 34 |

# परियोजना दल

| | |
|---|---|
| परियोजना प्रभारी | डा0 नीलम भाटिया<br>संयुक्त निदेशक(प्रशिक्षण) |
| दल के सदस्य | श्री बी. साहू<br>सहायक निदेशक |
| कंप्यूटर सहायता | श्री दान सिंह<br>अवर श्रेणी लिपिक/टाइपिस्ट |

**चित्र 1 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भूमिका, जानकारी और कुशलताएं**



# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए आरंभिक प्रशिक्षण की पाठ्यचर्या

## भूमिका

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आईसीडीएस कार्यक्रम की मुख्य कार्यकर्ता है जिस पर समुदाय को बुनियादी सेवाएं देने की जिम्मेदारी होती है । आईसीडीएस कार्यक्रम के अन्तर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को कार्य और पुनश्चर्या प्रशिक्षण दिया जाता है । वर्तमान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का कार्य प्रशिक्षण एक महीने की अवधि के लिए आयोजित किया जाता है । आईसीडीएस के व्यापीकरण के साथ बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी । नव-नियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को छह कार्य दिवसों का **आरंभिक प्रशिक्षण** दिया जाएगा ताकि वे आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत सेवाएं देना शुरु कर सकें ।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बहु-आयामी भूमिका और आंगनवाड़ी केन्द्र के प्रबंधन और समुदाय, खासतौर पर माताओं से संपर्क करने के लिए अपेक्षित कुशलताओं को ध्यान में रखकर आरंभिक प्रशिक्षण की योजना बनाई गई है (चित्र 1)। इस आरंभिक प्रशिक्षण से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आईसीडीएस कार्यक्रम और इसकी सेवाओं के बारे में अपेक्षित जानकारी मिलेगी जिससे वे अपनी कार्य अपेक्षाएं पूरी कर सकेंगी ।

इस छह कार्य दिवसीय आरंभिक प्रशिक्षण में कुल 20 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का दल भाग लेगा । प्रतिदिन कुल कार्यघण्टों में 7 घण्टे और 30 मिनट होंगे ।

आरंभिक प्रशिक्षण का आयोजन परियोजना स्तर पर दो प्रशिक्षकों के एक दल द्वारा 30,200/-रु0 मात्र के बजट से किया जाना है । इसके लिए प्रशिक्षकों को आईसीडीएस कार्यक्रम की जानकारी सहित इनमें पर्याप्त संप्रेषण कुशलताएं होना जरूरी है । आरंभिक प्रशिक्षण **सीखने की संभागी तकनीकों** का इस्तेमाल करते हुए आयोजित किया जाना है । कक्षा में शिक्षण को भूमिका अभिनय, निदर्शन और प्रत्यक्ष अनुभव के लिए अभ्यासों तथा विचार विमर्श के जरिए पूरा किया जाएगा । आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवाएं प्रदान करने में उनकी कुशलताएं बढ़ाने और आंगनवाड़ी केन्द्र की गतिविधियों की योजना बनाने का अवसर देने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा । कार्यक्रम की उचित प्रतिप्राप्ति और मूल्यांकन प्राप्त करने के लिए प्रत्येक घटक में प्रतिप्राप्ति प्राप्त करने का तरीका शामिल किया गया है । यह कार्य कार्यक्रम के अंत में किया जाना है ।

आरंभिक प्रशिक्षण के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एक-दो वर्ष के भीतर कार्य प्रशिक्षण ग्रहण करना **अनिवार्य** होगा ।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के कार्यदायित्व

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के कार्यदायित्व इस प्रकार हैं :

### क. आईसीडीएस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए योजना बनाना

1. ग्राम स्वास्थ्य योजना समेत गांव का मानचित्रण करना
2. समुदाय के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाना
3. सामुदायिक सर्वेक्षण आयोजित करना और लाभार्थियों की सूची बनाना
   - 0-6 वर्ष के बच्चे
   - संभावित खतरे वाले बच्चे
   - भावी और धात्री माताएं
   - किशोरियां
4. जन्म और मृत्यु का पंजीकरण

### ख. सेवाएं प्रदान करना

5. पूरक पोषाहार तैयार करना और उसका वितरण करना
   - 6 माह से 6 वर्ष के बच्चे
   - भावी और धात्री माताएं
   - संभावित खतरे वाले बच्चे और माताएं
6. वृद्धि की मानीटरिंग
7. स्तनपान को बढ़ावा देना और शिशु तथा छोटे बच्चे को आहार खिलाने के बारे में माताओं को सलाह देना
8. बच्चों तथा माताओं के टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच तथा ग्राम स्वास्थ्य दिवसों के आयोजन में स्वास्थ्य स्टाफ की सहायता करना

9. रेफरल सेवाएं

10. बच्चों में विकलांगता की पहचान करना

11. मामूली बीमारियां और प्राथमिक उपचार का प्रबंधन

12. नवजात और बाल्यावस्था के रोगों का प्रबंधन

13. आशा और आईसीडीएस के अंतर्गत दवाइयों की किट/गर्भ-निरोधकों के डिपो-धारक

14. किशोरियों, महिलाओं और समुदाय को स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा देना

15. प्रसव के लिए तैयारी पर महिलाओं को परामर्श देना

16. अनौपचारिक शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों का आयोजन करना

17. किशोरी शक्ति योजना और किशोरियों हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन में बाल विकास परियोजना अधिकारियों/सुपरवाइजर की सहायता करना

## ग. सूचना, शिक्षा और संप्रेषण

18. माता-पिता, परिवारों और समुदाय आदि से संपर्क करना और उन्हें परामर्श देना

19. जागरूकता अभियान आदि का आयोजन करना

20. संप्रेषण और शिक्षा सामग्री तैयार करना

## घ. सामुदायिक भागीदारी

21. समुदाय को जुटाना और सामुदायिक भागीदारी प्राप्त करना

22. पंचायत, प्राथमिक स्कूलों, महिला मंडलों, स्व सहायता समूहों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं आदि से संपर्क बनाए रखना

## ड. संगठन और प्रबन्धन

23. आंगनवाड़ी केन्द्र का प्रबंधन

24. रिपोर्टें और रजिस्टर तैयार करना

25. मासिक प्रगति रिपोर्टें तैयार करना

पाठ्यचर्या के **मुख्य घटक** ये हैं :

- जीवन चक्र आधार पर मध्यस्थताएं
- बाल अधिकारों का परिप्रेक्ष्य
- जेंडर संवेदनशीलता
- कुपोषण और विकलांगता की रोकथाम के उपायों पर बल
- परिवार केन्द्रित और समुदाय आधारित दृष्टिकोण
- सीखने के लिए आनन्ददायक वातावरण बनाना
- तीन वर्ष से कम आयु के बच्चों पर ध्यान केन्द्रित करना

पाठ्यचर्या के **मार्गदर्शी सिद्धान्तों** में निम्नलिखित शामिल हैं :

- निम्नलिखित को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक घटक का विकास
    - मुख्य तत्व
    - आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के दायित्व, कार्य और योग्यताएं
- कुशलता निर्माण और व्यावहारिक अभ्यास पर बल
- घटकों में परस्पर अन्तः संबंध

आरंभिक प्रशिक्षण में **सीखने संबंधी मुख्य लक्ष्य** इस प्रकार हैं :

1. आरंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास का महत्व
2. शिशुओं के पोषण का महत्व
3. बच्चों और महिलाओं की पौषणिक और स्वास्थ्य देखभाल की स्वस्थ प्रथाएं
4. माताओं के लिए पौषणिक निर्धारण और परामर्श
5. आरंभिक बाल्यावस्था एवं शिक्षा की गतिविधियां आयोजित करना
6. व्यवहार में बदलाव लाने के लिए संप्रेषण तकनीकें

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के आरंभिक प्रशिक्षण के घटक

**अवधि - एक सप्ताह** **कार्यदिवस - 6** **दल के सहभागियों की सं0 - 20**

| क्र.सं. | घटक | दिन | कार्य घण्टे सिद्धान्त | | व्यावहारिक कार्य | | पर्यवेक्षित अभ्यास | | अवलोकनार्थ दौरा | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट |
| 1. | डिफ्रीज़िंग और परिचय | 1.0 | 7 | 30 | 0 | 0 | 0 | 00 | 0 | 0 | 7 | 30 |
| 2. | आरंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास | 1.¼ | 3 | 30 | 5 | 30 | 0 | 00 | 0 | 0 | 9 | 00 |
| 3. | पोषण और स्वास्थ्य | 1.¾ | 8 | 30 | 5 | 00 | 0 | 00 | 0 | 0 | 13 | 30 |
| 4. | प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी | 1.½ | 3 | 00 | 4 | 30 | 4 | 30 | 0 | 0 | 12 | 00 |
| 5. | समापन | ½ | 3 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 0 | 0 | 3 | 00 |
| | **कुल** | **06** | **25** | **30** | **15** | **00** | **4** | **30** | **0** | **00** | **45** | **00** |

- कुल कार्यघण्टों में प्रतिप्राप्ति सत्रों या अनुदेश देने अथवा कार्य सौंपने में लगाया गया समय शामिल है ।
- प्रतिदिन के कुल कार्यघण्टे - 7 घण्टे 30 मिनट हैं ।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के आरंभिक प्रशिक्षण की पाठ्यचर्या की विषय वस्तु

| | | | | कार्य घण्टे | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सिद्धान्त | | कक्षा का कार्य | | व्यावहारिक अभ्यास | | पर्यवेक्षित अभ्यास | | कुल | |
| | | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट |
| | **क. डिफ्रीज़िंग और परिचय** | | | | | | | | | | |
| 1. | प्रशिक्षण कार्यक्रम का परिचय | 1 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 1 | 00 |
| 2. | • राज्य/जिलों में महिलाओं और बच्चों की स्थिति<br>• महिलाओं और बच्चों से संबंधित संवैधानिक प्रावधान | 1 | 30 | 0 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |
| 3. | आईसीडीएस कार्यक्रम - एक परिचय | 2 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 2 | 00 |
| 4. | आशा और एएनएम की तुलना में आंगनवाड़ी कार्यकताओं की भूमिका और कार्यदायित्व | 1 | 30 | 0 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |
| 5. | • किशोरियों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम | 1 | 30 | 0 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |

| | | कार्य घण्टे | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सिद्धान्त | | कक्षा का कार्य | | व्यावहारिक अभ्यास | | पर्यवेक्षित अभ्यास | | कुल | |
| | | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट |
| | • किशोरी शक्ति योजना<br>• स्व सहायता समूह | | | | | | | | | | |
| | **ख. आरंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा** | | | | | | | | | | |
| 6. | आईसीडीएस में आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा | 1 | 00 | 0 | 00 | 0 | 30 | 0 | 00 | 1 | 30 |
| 7. | 0-3 वर्ष के बच्चों के लिए आरंभिक उत्प्रेरण गतिविधियों की जरूरत | 0 | 30 | 0 | 00 | 1 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |
| 8. | बच्चों के शारीरिक गतिशीलता संबंधी और सामाजिक भावात्मक विकास के लिए गतिविधियां | 0 | 30 | 0 | 00 | 1 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |
| 9. | बच्चों के संज्ञानात्मक विकास और उन्हें विज्ञान की जानकारी | 0 | 30 | 0 | 00 | 1 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |

| | | | | कार्य घण्टे | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सिद्धान्त | | कक्षा का कार्य | | व्यावहारिक अभ्यास | | पर्यवेक्षित अभ्यास | | कुल | |
| | | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट |
| | देने के लिए गतिविधियां | | | | | | | | | | |
| 10. | भाषा विकास और रचनात्मक सोच के लिए गतिविधियां | 0 | 30 | 0 | 00 | 1 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |
| 11. | • आंगनवाड़ी केन्द्र में शाला पूर्व गतिविधियों की योजना बनाना और उनका आयोजन<br>• शाला पूर्व शिक्षा किट और कम लागत की शाला पूर्व शिक्षा सामग्री का निदर्शन | 0 | 30 | 0 | 00 | 1 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |
| ग. | **पोषण एवं स्वास्थ्य** | | | | | | | | | | |
| 12. | अच्छे पोषण का महत्व | 1 | 30 | 0 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |

| | | कार्य घण्टे | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सिद्धान्त | | कक्षा का कार्य | | व्यावहारिक अभ्यास | | पर्यवेक्षित अभ्यास | | कुल | |
| | | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट |
| 13. | पौषणिक कमी से होने वाली साधारण बीमारियों -प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण, खून की कमी, विटामिन ए की कमी और आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों की पहचान, रोकथाम और प्रबंधन | 1 | 30 | 0 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |
| 14. | महिलाओं और बच्चों की पौषणिक देखभाल<br>- मातृ पोषण<br>- शिशु और छोटे बच्चे को आहार देना | 2 | 00 | 0 | 00 | 1 | 00 | 0 | 00 | 3 | 00 |
| 15. | महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल<br>- नवजात और शैशवावस्था के रोगों का समेकित प्रबंधन | 2 | 30 | 0 | 00 | 2 | 00 | 0 | 00 | 4 | 30 |

| | | | कार्य घण्टे | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सिद्धान्त | | कक्षा का कार्य | | व्यावहारिक अभ्यास | | पर्यवेक्षित अभ्यास | | कुल | |
| | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट |
| – टीकाकरण अनुसूची<br>– दवाइयों की किट का इस्तेमाल<br>– उभरते हुए रोग – एचआईवी/एड्स | | | | | | | | | | |
| 16. ● वृद्धि की मानीटरिंग और इसे बढ़ावा देना<br>– वृद्धि चार्टों का रख रखाव<br>● माताओं के लिए पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा सत्र आयोजित करना | 1 | 00 | 0 | 00 | 2 | 00 | 0 | 00 | 3 | 00 |
| **घ. सामुदायिक भागीदारी और प्रबंधन** | | | | | | | | | | |
| 17. शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों के आयोजन और पोषण सेवाएं देने के लिए किसी आंगनवाड़ी केन्द्र में तैनाती | 0 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 4 | 30 | 4 | 30 |
| 18. ● आईसीडीएस में सामुदायिक भागीदारी – जरूरत और महत्व | 1 | 00 | 0 | 00 | 0 | 30 | 0 | 00 | 1 | 30 |

| | | | | कार्य घण्टे | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सिद्धान्त | | कक्षा का कार्य | | व्यावहारिक अभ्यास | | पर्यवेक्षित अभ्यास | | कुल | |
| | | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट | घण्टे | मिनट |
| 19. | सर्वेक्षण कैसे करें | 0 | 30 | 0 | 00 | 1 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |
| 20. | मासिक प्रगति रिपोर्टें और आंगनवाड़ी केन्द्र के रिकार्ड और रजिस्टर भरना | 1 | 30 | 0 | 00 | 3 | 00 | 0 | 00 | 4 | 30 |
| 21. | **समापन** | 1 | 30 | 0 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |
| | • पाठ्यक्रम का मूल्यांकन और प्रतिप्राप्ति<br>• सीखने संबंधी कमियां दूर करना | | | | | | | | | | |
| 22. | **समापन सत्र** | 1 | 30 | 0 | 00 | 0 | 00 | 0 | 00 | 1 | 30 |
| | **कुल** | **25** | **30** | **0** | **00** | **15** | **00** | **4** | **30** | **45** | **00** |

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के आरंभिक प्रशिक्षण की कार्यक्रम अनुसूची

कुल अवधि : एक सप्ताह कार्य दिवस : 6 सहभागियों की सं0 : 20

| दिन | सत्र 1<br>पूर्वा. 9.00-10.30 | सत्र 2<br>पूर्वा. 10.30-अप. 12.00 | सत्र 3<br>अप. 12.00-1.30 | अप.<br>1.30- 2.30 | सत्र 4<br>अप. 2.30-4.00 | सत्र 5<br>अप. 4.00-5.30 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क. डिफ्रीज़िंग और परिचय** | | | | | | |
| दिन 1 | प्रशिक्षण का परिचय<br>• घनिष्ठता बनाना<br>(पूर्वा.9.00-10.00) | • राज्य/जिले में महिलाओं और बच्चों की स्थिति<br>• महिलाओं और बच्चों से संबंधित संवैधानिक प्रावधान और नीतियां<br>(पूर्वा. 10.00-11.30) | आईसीडीएस कार्यक्रम-एक परिचय<br>- उद्देश्य<br>- सेवाएं<br>- लाभार्थी<br>- संगठनात्मक और प्रशासनिक ढांचा<br>(पूर्वा.11.30-अप.1.30) | भो<br>ज<br>न | आशा और एएनएम की तुलना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका और कार्यदायित्व | • किशोरियों हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम<br>• किशोरी शक्ति योजना<br>• स्व सहायता समूह |

| दिन | सत्र 1<br>पूर्वा. 9.00-10.30 | सत्र 2<br>पूर्वा. 10.30-अप. 12.00 | सत्र 3<br>अप. 12.00-1.30 | अप.<br>1.30- 2.30 | सत्र 4<br>अप. 2.30-4.00 | सत्र 5<br>अप. 4.00-5.30 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **ख. आरंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास** | | | | | | |
| दिन 2 | आईसीडीएस में आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा<br>- उद्देश्य<br>- शाला पूर्व बच्चे की विशेषताएं<br>- बाल विकास के क्षेत्र | 0-3 वर्ष के बच्चों के लिए आरंभिक उत्प्रेरण गतिविधियों की जरूरत | बच्चों के शारीरिक, गतिशीलता संबंधी और सामाजिक-भावात्मक विकास के लिए गतिविधियां | भो<br>ज | बच्चों के संज्ञानात्मक विकास और उन्हें विज्ञान की जानकारी देने के लिए गतिविधियां | भाषा विकास और रचनात्मक सोच के लिए गतिविधियां |
| **ग. पोषण एवं स्वास्थ्य** | | | | | | |
| दिन 3 | • आंगनवाड़ी केन्द्र में शाला | अच्छे पोषण का महत्व | पौषणिक कमी से होने वाली साधारण | न | महिलाओं और बच्चों की पौषणिक देखभाल | |

| दिन | सत्र 1 पूर्वा. 9.00-10.30 | सत्र 2 पूर्वा. 10.30-अप. 12.00 | सत्र 3 अप. 12.00-1.30 | अप. 1.30- 2.30 | सत्र 4 अप. 2.30-4.00 | सत्र 5 अप. 4.00-5.30 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पूर्व शिक्षा की गतिविधियों की योजना बनाना और इनका आयोजन करना<br>• शाला पूर्व शिक्षा किट और कम लागत की शाला पूर्व शिक्षा सामग्री का निदर्शन करना | | बीमारियों- प्रोटीन उर्जा कुपोषण, खून की कमी, विटामिन ए की कमी और आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों की पहचान, रोकथाम और प्रबंधन | भो<br>ज<br>न | - मातृ पोषण<br>- शिशु और छोटे बच्चे को आहार देना | |
| दिन 4 | महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल<br>- नवजात और बाल्यावस्था के रोगों का समेकित प्रबंधन | | | | • वृद्धि की मॉनीटरिंग और इसे बढ़ावा देना | |

| दिन | सत्र 1<br>पूर्वा. 9.00-10.30 | सत्र 2<br>पूर्वा. 10.30-अप. 12.00 | सत्र 3<br>अप. 12.00-1.30 | अप.<br>1.30- 2.30 | सत्र 4<br>अप. 2.30-4.00 | सत्र 5<br>अप. 4.00-5.30 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | - टीकाकरण अनुसूची<br>- दवाइयों की किट का इस्तेमाल<br>- उभरती हुई बीमारियां - एचआईवी/एड्स | | | भो<br><br><br>ज | - वृद्धि चार्टों का रख-रखाव<br>• माताओं के लिए पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा सत्र का आयोजन (अभ्यास) | |
| **घ. सामुदायिक भागीदारी और प्रबंधन** | | | | | | |
| दिन 5<br><br>करें | • शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों का आयोजन करने और पौषणिक सेवाएं देने के लिए किसी आंगनवाड़ी केन्द्र में तैनाती<br>• रिकार्डों और रजिस्टरों का अवलोकन करना | | | न | • आईसीडीएस में सामुदायिक भागीदारी - जरूरत और महत्व | सर्वेक्षण कैसे आयोजित<br>- सर्वेक्षण प्रपत्र भरना |

| दिन | सत्र 1<br>पूर्वा. 9.00-10.30 | सत्र 2<br>पूर्वा. 10.30-अप. 12.00 | सत्र 3<br>अप. 12.00-1.30 | अप.<br>1.30- 2.30 | सत्र 4<br>अप. 2.30-4.00 | सत्र 5<br>अप. 4.00-5.30 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन 6 | मासिक प्रगति रिपोर्टें और आंगनवाड़ी केन्द्र में बनाए गए रिकार्डों और रजिस्टरों को भरना (अभ्यास) | | | भोजन | • पाठ्यक्रम का मूल्यांकन और प्रतिप्राप्ति<br>• सीखने संबंधी कमियां दूर करना | • समापन सत्र<br>• यात्रा भत्ते/ दैनिक भत्ते का वितरण |

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के आरंभिक प्रशिक्षण की विषय-वस्तु

**क. डिफ्रीज़िंग और परिचय**

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| दिन 1 | सत्र 1 | पूर्वा. 9.00-9.15 | पंजीकरण | सहभागियों का पंजीकरण और किट वितरित करना<br>**सहभागियों का स्वागत** |
| | | पूर्वा. 9.15-10.00 | प्रशिक्षण कार्यक्रम का परिचय तथा घनिष्ठता बनाना | प्रशिक्षण कार्यक्रम का परिचय<br>- प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों, कार्यक्रम अनुसूची, प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सिद्धान्त और अभ्यास के कार्यघण्टों का संक्षिप्त ब्योरा स्व परिचय और सूचना का आदान-प्रदान<br>खेलों और टेलीफोन वार्ता, संख्या वाले खेलों, शीशे में छवियां (मिरर इमेजिज) और अपना साथी चुनें (चूज योअर पार्टनर) जैसे खेलों और अभ्यासों के जरिए घनिष्ठता बनाना<br>पाठ्यक्रम निदेशक के लिए अनुदेश कक्षा में व्यवस्था करने, शारीरिक व्यायाम/खेल, उपस्थिति, समय की पाबन्दी, सौंपा गया कार्य इकट्ठा करने, सफाई आदि कार्यों के लिए पाठ्यक्रम निदेशक सहभागियों को बारी बारी से जिम्मेदारी सौंप सकता है कार्यक्रम के दौरान कक्षा के कार्यों के लिए सहभागियों को 4-5 के समूह में बांटा जा सकता है |
| दिन 1 | सत्र 2 | पूर्वा. 10.00-11.30 | राज्य/जिले में बच्चों और महिलाओं की स्थिति | **क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों की मौजूदा स्थिति के बारे में विचार विमर्श करना** |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | बच्चों और महिलाओं के लिए संवैधानिक प्रावधान और नीतियां | बच्चों की जन्म एवं मृत्यु की पंजीकरण प्रणाली<br>शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर और इनके कारण आदि<br>शिशुओं का पैदाइशी वजन कम होना और इसका कारण<br>परिवार का औसत आकार, बच्चों के जन्म में अन्तर/क्रम<br>महिलाओं की स्वास्थ्य और पौषणिक समस्याएं<br>बच्चों और महिलाओं के लिए संवैधानिक प्रावधान<br>बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन<br>उत्तरजीविता, सुरक्षा, विकास और भागीदारी के अधिकार संबंधी अनुच्छेदों में प्रावधान और उन पर विचार-विमर्श महिलाओं के प्रति भेदभाव की समाप्ति पर कन्वेंशन (सीईडीएडब्लू)- अनुच्छेदों में प्रावधान और जेंडर समानता शिशु दुग्ध विकल्प(आईएमएस) अधिनियम 2003 समेत बच्चों और महिलाओं से संबंधित कानून |
| दिन 1 | सत्र 3 | पूर्वा. 11.30-अप. 1.30 | आईसीडीएस कार्यक्रम - एक परिचय<br>उद्देश्य<br>सेवाएं<br>लाभार्थी | आईसीडीएस कार्यक्रम - जरूरत और महत्व<br>आईसीडीएस के उद्देश्य, लाभार्थी, सेवाओं का पैकेज, जनसंख्या की कवरेज, भौगोलिक क्षेत्र, प्रशासनिक और संगठनात्मक ढांचा<br>**कक्षा का कार्य** : जिले में आईसीडीएस का संक्षिप्त |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | संगठनात्मक और प्रशासनिक ढांचा | खाका<br>(गांवों का मानचित्रण) |
| दिन 1 | सत्र 4 | अप.2.30-4.00 | आशा और एएनएम की तुलना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका और कार्यदायित्व | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भूमिका और कार्यदायित्व<br>आईसीडीएस के अन्य कार्यकर्ताओं के संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका को समझना<br>राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन में आशा, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भूमिका पर विचार विमर्श करना |
| दिन 1 | सत्र 5 | अप. 4.00-5.30 | किशोरियों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम<br>किशोरी शक्ति योजना | किशोरियों के बारे में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की योजनाओं और कार्यक्रमों पर विचार विमर्श करना<br>किशोरी शक्ति योजना<br>- उद्देश्य, कवरेज, लाभार्थी, सेवाएं<br>- कार्यक्रम के विकल्प<br>- वित्तीय आबंटन<br>किशोरियों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम<br>- कवरेज, लाभार्थी<br>- पूरक पोषाहार के लिए मानदंड |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | - पीडीएस के साथ संपर्क<br>- वित्तीय आबंटन |
| | | | स्व-सहायता समूह | स्व सहायता समूह - स्व सहायता समूहों का महत्व और आईसीडीएस में स्व सहायता समूहों की भूमिका |
| **ख. आरंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास** | | | | |
| दिन 2 | सत्र 1 | पूर्वा.9.00-10.30 | आईसीडीएस में आरंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा<br>उद्देश्य<br>शाला पूर्व बच्चे की विशेषताएं<br>बाल विकास के क्षेत्र | आरंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा<br>- परिभाषा और जरूरत<br>आईसीडीएस में आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा<br>- उद्देश्य और सेवाएं<br>आरंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा का महत्व (0-6 वर्ष)<br>आरंभिक बाल्यावस्था के दौरान बच्चे की बुनियादी जरूरतें<br>विकास की अवस्थायें और चरण (जन्म, शैशवकाल, 1-2 वर्ष, 2-3 वर्ष और 3-6 वर्ष)<br>बाल विकास के क्षेत्र अर्थात, शारीरिक, सामाजिक, भावात्मक, भाषा संबंधी और संज्ञानात्मक<br>शाला पूर्व बच्चे की विशेषताएं - आत्म केन्द्रित, जिज्ञासु, एकाग्रता कम होना, सीखने का इच्छुक, उत्सुक, सहज, गतिविधियों का आनन्द लेने वाला, निदर्शक, दोहराव का आनन्द उठाने वाला, संगीत/ कविताओं आदि पर प्रतिक्रिया दिखाने वाला |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| दिन 2 | सत्र 2 | पूर्वा.10.30 -अप. 12.00 | 0-3 वर्ष के बच्चों के लिए आरंभिक उत्प्रेरण गतिविधियों की जरूरत | आरंभिक बाल्यावस्था उत्प्रेरण - जरूरत और महत्व<br>जन्म से 6 महीने, 6-12 महीने, एक वर्ष, दो वर्ष, तीन वर्ष के बच्चों के लिए आयु विशिष्ट चुनी हुई आरंभिक बाल्यावस्था उत्प्रेरण गतिविधियों पर विचार विमर्श करना और उनका निदर्शन आरंभिक बाल्यावस्था उत्प्रेरण में माता और परिवार की भूमिका |
| दिन 2 | सत्र 3 | अप.12.00-1.30 | बच्चों के शारीरिक, गतिशीलता और सामाजिक-भावात्मक विकास के लिए गतिविधियां | बच्चों के शारीरिक और गतिशीलता विकास तथा सामाजिक-भावात्मक विकास की जरूरत और इनका महत्व<br>**शारीरिक और गतिशीलता विकास के लिए गतिविधियां**<br>- स्थूल मांसपेशियों में तालमेल और विकास के लिए गतिविधियां<br>सूक्ष्म मांसपेशियों में तालमेल और विकास के लिए गतिविधियां<br>निम्नलिखित क्षेत्रों के अन्तर्गत शारीरिक और गतिशीलता विकास के लिए आयु विशिष्ट गतिविधियों का निदर्शन करना और उनकी व्याख्या करना :<br>क) बड़ी/स्थूल मांसपेशियों में तालमेल और विकास<br>- बाहर खेले जाने वाले खेलों तथा गतिविधियों में दौड़ना, कूदना, उछलना, दौड़ लगाना, नाचना, रस्सी कूदना, ठोकर मारना, हाथों को पंखों की तरह फैला |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | कर दौड़ना, धकेलना, खींचना और इन एंड आउट, माउन्टेन एंड फायर और लीडरशिप शामिल हैं<br>- भीतर खेले जाने वाले खेल : सीधी/वक्र रेखा पर चलना, टेढ़ी-मेढ़ी रस्सी की लाइन पर चलना, रस्सी के ऊपर और नीचे चलना, लपेटना, फैंकना और लपकना<br>ख) सूक्ष्म मांसपेशियों में तालमेल और विकास<br>- निर्देशित और मुक्त खेल; अभिनय गीत; पिरोने, छांटने, क्ले मॉडलिंग, तह लगाने, चिपकाने, ड्राइंग, पेंटिंग, कागज मोड़ने, कागज फाड़ने, काटने और चिपकाने, नमूना बनाने और माला बनाने आदि जैसी गतिविधियां<br>सामाजिक-भावात्मक विकास के लिए गतिविधियां<br>सामूहिक गीतों, सामूहिक नृत्य, सामूहिक खेल, समूह में खाने, रचनात्मक नाटक और कठपुतली के खेल, गुड़िया के खेल, गुड़ियों को सजाना, रेत के खेल, पानी के खेल का आयोजन करना और त्योहार मनाना<br>सामूहिक खेल जैसे बिल्ली दौड़ चूहा आया, इन एंड आउट, चिड़िया उड़, हम सैर करेंगे, सामूहिक नृत्य और समूह में खाना |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | स्थानीय रूप से उपलब्ध कम लागत की सामग्री का इस्तेमाल करते हुए<br>रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करना जैसे कागज से दस्तकारी, कागज फाड़ना, चिपकाना, सब्जियों के चित्र बनाना, अंगूठे छापना, रेखाएं खींचना, अनुरेखण (ट्रेसिंग), धागे से पेंटिंग, कठपुतली का खेल और गुड़ियों का खेल आयोजित करना<br>रक्षा बंधन, दिवाली, जन्माष्टमी, होली आदि तथा बच्चों का जन्मदिन मनाना |
| दिन 2 | सत्र 4 | अप. 2.30-4.00 | बच्चों के संज्ञानात्मक विकास और उन्हें विज्ञान की जानकारी देने के लिए गतिविधियां | संज्ञानात्मक विकास और विज्ञान की जानकारी की जरूरत और इसका महत्व<br>**संज्ञानात्मक विकास के लिए गतिविधियां**<br>निम्नलिखित क्षेत्रों के अन्तर्गत संज्ञानात्मक विकास के लिए आयु विशिष्ट गतिविधियों का निदर्शन करना और इनकी व्याख्या करना<br>बुनियादी संवेदी कुशलताओं का विकास<br>- सुनने, छूने, सूंघने, देखने और चखने से संबंधित गतिविधियां |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | - बुनियादी अवधारणाओं का विकास - रंग, आकृति, आकार और संख्याओं की अवधारणा<br>- वस्तुओं का मिलान करने, वस्तुओं की पहचान करने, वस्तुओं के नाम बताने जैसी गतिविधियां |
| | | | | **पूर्व संख्या की अवधारणा**<br>- बड़ी और छोटी, मोटी और पतली, लम्बी और छोटी, ऊंची और नीची, भारी और हल्की वस्तुओं आदि की अवधारणा के लिए गतिविधियां<br>समय की अवधारणा<br>- पहले और बाद, सुबह और शाम, दिन और रात, वातावरण की जानकारी आदि के लिए गतिविधियां<br>- पौधे, पेड़, फल, पशु, पक्षी, सब्जियां, वाहन आदि के बारे में गतिविधियां<br>शरीर के अंगों का इस्तेमाल : हाथों, टांगों, आंखों, नाक, कान, सिर आदि का इस्तेमाल<br>विज्ञान की अवधारणाओं का विकास |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | - बीज उगाना, पेड़ों का बढ़ना, पानी का बहाव आदि जैसी गतिविधियां |
| दिन 2 | सत्र 4 | अप. 4.00-5.30 | भाषा विकास और रचनात्मक सोच के लिए गतिविधियां | भाषा विकास की जरूरत और इसका महत्व<br>निम्नलिखित क्षेत्रों के अंतर्गत भाषा विकास के लिए गतिविधियों का निदर्शन और उनकी व्याख्या करना :<br>सुनने और बोलने की कुशलताओं का विकास - आवाजों में अन्तर करना, सुनने की अवधि, सुनना और समझना, शरीर के अंगों, घर, वातावरण आदि से संबंधित शब्दावली का विकास<br>मौखिक अभिव्यक्ति का विकास - वार्तालाप, कहानी सुनाना, नाटकीकरण और कठपुतली का खेल, चित्र पढ़ना और रचनात्मक स्व-अभिव्यक्ति<br>पढ़ने की तत्परता का विकास - श्रवण/ध्वनि भेद, सुनने और देखने में संबंध, बाईं से दाईं दिशा लिखने की तत्परता का विकास - सूक्ष्म मांसपेशियों का विकास, आंखों और हाथों में तालमेल और अक्षर की जानकारी |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| **ग. पोषण एवं स्वास्थ्य** | | | | |
| दिन 3 | सत्र 1 | पूर्वा. 9.00-10.30 | आंगनवाड़ी केन्द्र में शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों की योजना बनाना और इनका आयोजन करना। शाला पूर्व शिक्षा किट और कम लागत की शाला पूर्व शिक्षा सामग्री का निदर्शन | **शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों की योजना बनाना**<br>- समय सारणी के इस्तेमाल पर विचार-विमर्श करना, समय सारणी का नमूना दें और उस पर विचार विमर्श करें<br>- समय-सारणी की योजना बनाते समय ध्यान में रखने योग्य बातें<br>आंगनवाड़ी केन्द्र में शाला पूर्व शिक्षा किट और कम लागत की शाला पूर्व शिक्षा सामग्री का **निदर्शन** |
| दिन 3 | सत्र 2 | पूर्वा. 10.30-12.00 | अच्छे पोषण का महत्व | ऊर्जा, वृद्धि, स्वास्थ्य की सुरक्षा और अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए भोजन का महत्व<br>भोजन के कार्यों के अनुसार खाद्य पदार्थों के समूह बनाना<br>पोषक तत्वों के कार्य<br>**कक्षा का कार्य** : स्थानीय रूप से उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों की सूची बनाना |
| दिन 3 | सत्र 3 | अप.12.00-1.30 | पौषणिक कमी से होने वाली साधारण बीमारियों<br>- प्रोटीन-ऊर्जा-कुपोषण, खून की कमी, विटामिन ए की कमी | निम्नलिखित की पहचान, कारण, रोकथाम और प्रबंधन :<br>- प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण<br>- खून की कमी<br>- विटामिन ए की कमी आदि |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | और आयोडीन की कमी की पहचान, रोकथाम और प्रबंधन | |
| दिन 3 | सत्र 4 और 5 | अप. 2.30-5.30 | महिलाओं और बच्चों की पौषणिक देखभाल<br>- मातृ पोषण<br>- शिशु और छोटे बच्चे को आहार देना | मातृ पोषण - भावी और धात्री माताओं के लिए पोषण<br>- गर्भावस्था के दौरान अतिरिक्त आहार की जरूरत<br>- गर्भावस्था और दूध पिलाने के बारे में अच्छी प्रथाएं, भ्रान्तियां और विश्वास<br>**शिशु एवं छोटे बच्चे और आहार देने की प्रथाएं**<br>- स्तनपान - जल्दी शुरूआत, खीस(कोलोस्ट्रम) पिलाना, छह महीने तक सिर्फ स्तनपान<br>- स्तनपान के लाभ और स्तनपान कराने की सही स्थिति<br>- बोतल से दूध पिलाने के खतरे<br>- पूरक आहार देना - समय पर शुरूआत, बारम्बारता, और पारिवारिक आहार के प्रकार और उसमें बदलाव लाना<br>- बीमारी के दौरान बच्चों की पौषणिक देखभाल<br>**शिशु और छोटे बच्चे को आहार देने पर फिल्म** |
| दिन 4 | सत्र 1, 2,3 | पूर्वा. 9.00-अप. 1.30 | **महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल**<br>नवजात और बाल्यावस्था के रोगों का समेकित प्रबंधन | नवजात बच्चे की देखभाल<br>बाल्यावस्था की बीमारियों - सांस के गंभीर संक्रमण, दस्त, बुखार आदि की पहचान, रोकथाम और प्रबंधन<br>दस्तों का प्रबंधन - जीवन रक्षक घोल तैयार करना |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | टीकाकरण अनुसूची<br>दवाईयों की किट का इस्तेमाल<br>उभरते हुए रोग - एचआईवी/ एड्स | टीकाकरण अनुसूची<br>दवाइयों की किट के इस्तेमाल और रेफरल पर्ची भरने का **निदर्शन**<br>उभरते हुए रोग - एचआईवी/एड्स |
| दिन 4 | सत्र 4 और 5 | अप. 2.30-5.30 | **वृद्धि की मानीटरिंग और इसे बढ़ावा देना**<br>- वृद्धि चार्टों का रख रखाव | वृद्धि की मानीटरिंग का महत्व<br>वृद्धि की मानीटरिंग के चरण<br>सही आयु का पता लगाना<br>सही वजन लेना<br>वृद्धि चार्ट पर वजन दर्ज करना<br>वृद्धि की वक्र रेखा की व्याख्या करना<br>बच्चे की वृद्धि के बारे में माता से विचार विमर्श करना<br>वस्तुओं का इस्तेमाल करते हुए वृद्धि की मानीटरिंग पर कक्षा में और माताओं को परामर्श देने के लिए **निदर्शन करना और अभ्यास कराना**<br>वृद्धि की मानीटरिंग पर **फिल्म** |
| | | | माताओं के लिए पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा सत्र का आयोजन | पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा की जरूरत और इसका महत्व<br>पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा सत्र की योजना बनाते समय और इसे आयोजित करते हुए याद रखने योग्य बातें<br>माताओं को परामर्श देने पर प्रशिक्षकों द्वारा भूमिका अभिनय |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | **कक्षा का कार्य**<br>अपनी पसंद के विषय पर प्रशिक्षार्थी समूहों में पूरक पोषाहार एवं शिक्षा सत्र तैयार करें |
| दिन 5 | सत्र 1, 2 और 3 | पूर्वा.9.30-अप. 1.00 | आंगनवाड़ी केन्द्र का दौरा करना | निम्नलिखित के लिए आंगनवाड़ी केन्द्र में तैनाती :<br>- शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों का आयोजन और पौषणिक सेवाओं के प्रदाय की व्यवस्था करना<br>रिकार्डों और रजिस्टरों का अवलोकन करना |
| दिन 5 | सत्र 4 | अप. 2.00-4.00 | आईसीडीएस में सामुदायिक भागीदारी-जरूरत और महत्व | सामुदायिक भागीदारी - परिभाषा, जरूरत और महत्व<br>सामुदायिक भागीदारी प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित के आयोजन की तकनीकों और कुशलताओं का वर्णन करना<br>माताओं की बैठकें और सामुदायिक बैठकें<br>घरेलू दौरे<br>पीएलए तकनीकें |
| दिन 5 | सत्र 5 | अप. 4.00-5.30 | सर्वेक्षण कैसे आयोजित करें<br>सर्वेक्षण प्रपत्र भरना | सर्वेक्षण कैसे आयोजित करें ?<br>सर्वेक्षण आयोजित करने के फायदे<br>सर्वेक्षण के आयोजन में शामिल चरण और याद रखने योग्य बातें<br>सर्वेक्षण प्रपत्र कैसे भरें |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | **कक्षा का कार्य**<br>गांव में सर्वेक्षण आयोजित करने के लिए निम्नलिखित करें:<br>- जल्दी से गांव का एक चक्कर लगाएं<br>- आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से गांव के मुख्य स्थानों को नोट करने के लिए कहें क्योंकि उन्हें गांव का मानचित्र बनाना होता है<br>सर्वेक्षण आयोजित करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु ऐसे तीन परिवार चुनें जहां 0-6 वर्ष के शिशु/बच्चे, गर्भवती, धात्री माताएं और किशोरियां हों<br>- सर्वेक्षण रिपोर्ट पर विचार विमर्श<br>**गृह कार्य**<br>- प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को गांव का मानचित्र बनाना है<br>- गांव का मानचित्र कक्षा में प्रदर्शित किया जाएगा |
| दिन 6 | सत्र 1, 2 और 3 | पूर्वा.9.00-अप. 1.30 | मासिक प्रगति रिपोर्ट का प्रोफार्मा और आंगनवाड़ी केन्द्र में बनाए गए रजिस्टर और रिकार्ड भरना | आईसीडीएस में प्रबंध सूचना प्रणाली की जानकारी देना<br>सही और समय पर रिपोर्ट भेजने की जरूरत<br>आईसीडीएस में रिपोर्टिंग की प्रणाली - मासिक प्रगति रिपोर्ट और त्रैमासिक रिपोर्ट के प्रोफार्मे पर विचार-विमर्श करना |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | मासिक प्रगति रिपोर्टें/त्रैमासिक प्रगति रिपोर्टें भरना<br>आंगनवाड़ी केन्द्र के रिकार्ड और रजिस्टर -<br>आंगनवाड़ी सर्वेक्षण रजिस्टर, गर्भवती और धात्री माताओं के लिए सेवाओं का रजिस्टर, बच्चों के लिए सेवाओं का रजिस्टर; पूरक पोषाहार और शाला पूर्व शिक्षा के लिए सेवाओं का रजिस्टर; छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के टीकाकरण, लौह तत्व और फोलिक एसिड की गोलियों और विटामिन ए के अनुपूरकों के लिए रजिस्टर; बच्चों (1 से 2 वर्ष की आयु) के टीकाकरण का वार्षिक सारांश; जन्म और मृत्यु रजिस्टर; आंगनवाड़ी में खाद्य पदार्थों के स्टाक का रजिस्टर; आंगनवाड़ी की दवाइयों के वितरण का रजिस्टर; अन्य स्टाक रजिस्टर; महिला मंडल का रजिस्टर; मासिक प्रगति रिपोर्टों का रिकार्ड; आगन्तुक पुस्तिका और दैनिक डायरी<br>**कक्षा का कार्य : (1) मासिक प्रगति रिपोर्ट का प्रपत्र भरना और अनुवर्ती कार्रवाई**<br>- प्रत्येक सहभागी को मासिक प्रगति रिपोर्ट का प्रोफार्मा भरने के लिए दें |

| दिन | सत्र | समय | विषय | प्रशिक्षण की विषय-वस्तु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | सहभागी अनुमानित आंकड़े स्वयं दे सकते हैं<br>मासिक प्रगति रिपोर्टें भरने के बाद कक्षा को **पांच समूहों** में बांटें<br>प्रत्येक समूह राज्य सरकार को भेजने के लिए त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट का प्रोफार्मा तैयार करे<br>**(2) रिकार्ड और रजिस्टर भरना**<br>आंगनवाड़ी केन्द्र में बनाए गए रिकार्ड और रजिस्टर भरने के लिए प्रशिक्षार्थियों को चार समूहों में बांटें<br>प्रत्येक समूह को आंगनवाड़ी केन्द्र में बनाए गए चार रजिस्टरों में से प्रत्येक का एक पृष्ठ भरना है<br>प्रशिक्षक रजिस्टरों के पृष्ठों की फोटोप्रतियां उनके कालम शीर्ष सहित उपलब्ध कराएं<br>- प्रशिक्षक दिए गए कार्य की जांच करें और जहां कहीं जरूरी हो प्रशिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें |
| दिन 6 | सत्र 4 | अप. 2.30-4.00 | पाठ्यक्रम का मूल्यांकन और प्रतिप्राप्ति | पाठ्यक्रम का मूल्यांकन और प्रतिप्राप्ति<br>सीखने संबंधी कमियां दूर करना |
| दिन 6 | सत्र 5 | अप. 4.00-5.30 | समापन सत्र | समापन सत्र<br>यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते का वितरण |

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के आरंभिक प्रशिक्षण के प्रस्तावित मानदंड

**अवधि : एक सप्ताह** **कार्य दिवस : 6 दिन** **सहभागियों की संख्या : 20**

### अनुमानित बजट

| क्र.सं. | मद | राशि (रु0) |
|---|---|---|
| 1. | आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को यात्रा भत्ते (प्रति व्यक्ति दर 300 रु0 x 20)<br>(वास्तविक सहभागियों की संख्या के अनुसार) | 6,000 |
| 2. | भोजन और आवास (70/- रु0 प्रति व्यक्ति x 8 दिन x 20) | 11,200 |
| 3. | प्रशिक्षण सामग्री (प्रति व्यक्ति 100/-रु0 x 20) | 2,000 |
| 4. | प्रशिक्षकों को मानदेय | 3,000 |
| 5. | प्रशिक्षकों/अतिथि वक्ताओं को यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता | 3,000 |
| 6. | आंगनवाड़ी केन्द्र में तैनाती के लिए वाहन प्रभार | 2,500 |
| 7. | कक्षा के कमरे/हॉल के लिए किराया | 2,000 |
| 8. | आकस्मिक व्यय | 1,500 |
| | **जोड़** | **30,200** |

राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान
5 सिरी इन्स्टीट्यूशनल एरिया, हौज़खास, नई दिल्ली.110 016